Bihar Board Class 6 Maths Important Questions Chapter 5 आधारभूत ज्यामितीय जानकारियाँ

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
क्या दो रेखाएँ एक से अधिक बिन्दुओं पर प्रतिच्छेद कर सकती हैं?
उत्तर:
नहीं। किसी तल में दो रेखाएँ केवल एक निश्चित बिन्दु पर ही प्रतिच्छेद कर सकती हैं।

प्रश्न 2.
क्या दो से अधिक रेखाएँ एक ही बिन्दु पर प्रतिच्छेद कर सकती हैं?
उत्तर:
हाँ। क्योंकि एक बिन्दु से गुजरने वाली अनगिनत रेखाएँ बनाई जा सकती हैं।

प्रश्न 3.
बहुभुज किसे कहते हैं?
उत्तर:
रेखाखण्डों से बनी बन्द आकृति को बहुभुज कहते हैं।

प्रश्न 4.
एक वृत्त में अधिक से अधिक कितनी जीवाएँ खींची जा सकती हैं?
उत्तर:
अनगिनत।

प्रश्न 5.
वृत्तखण्ड किसे कहते हैं?
उत्तर:
वृत्त की एक जीवा तथा संगत चाप से घिरा वृत्तीय क्षेत्र का भाग एक वृत्तखण्ड कहलाता है।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
दो बन्द तथा दो खुले वक्र बनाइए।

उत्तर:



प्रश्न 2.
दिये गये चतुर्भुज में आसन्न भुजाओं तथा सम्मुख भुजाओं का एक-एक युग्म लिखिए।
उत्तर:



आसन्न भुजाएँ- $\overline{AB}$ और $\overline{BC}$
सम्मुख भुजाएँ- $\overline{AB}$ और $\overline{DC}$